प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.10.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

केंद्रीय सहायता

केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को केंद्रीय करों के हिस्से की एक हजार चार सौ 79 करोड़ रुपये की अग्रिम किश्त जारी कर दी है। केंद्र ने हिमाचल सहित 28 राज्यों के लिए एक लाख 78 हजार एक सौ 73 करोड़ रुपए जारी किए है। केंद्र सरकार ने इस अग्रिम किश्त को आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुए जारी किया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस राशि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का आभार जताते हुए कहा है कि इससे हिमाचल प्रदेश के विकास को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार लोगों को विभिन्न जन सेवाएं उनके घर–द्धार के समीप सुगमता से उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग की शिमला में हुई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्राम पंचायतों द्वारा जारी किए जाने वाले विवाह, जन्म व मृत्यु प्रमाण–पत्र लोगों को ऑनलाइन उपलब्ध करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत वित्त वर्ष 2024–25 में 3 सौ लाख श्रम दिवस अर्जित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से अभी तक 2 सौ 14 लाख 51 हजार श्रम दिवस अर्जित किए जा चुके हैं।

नवरात्र

शारदीय नवरात्र के आज नौवें दिन माँ दुर्गा के अष्टम और 9वें स्वरूप महागौरी व सिद्धीदात्री की पूजा अर्चना की जा रही है। आज दुर्गा अष्टमी और महानवमीं दोनों एक साथ मनाई जा रही है। आज के दिन कंजक पूजन के साथ लोग नवरात्र के 9 दिन के उपवास का पारण भी करते हैं। इस दौरान सुबह से ही प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में भक्तों का ताँता लगा हुआ है और जगह–जगह भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

यादवेंद्र गोमा

आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा ने कहा है कि प्रदेश सरकार मेलों व उत्सवों के महत्व और सांस्कृतिक संरक्षण पर बल दे रही है। कांगड़ा जिला के जयसिंहपुर में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय दशहरा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर कल उन्होंने यह विचार व्यक्त किए। गोमा ने कहा कि दशहरा उत्सव बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। इससे पहले उन्होंने मेलाग्राम में आयोजित भव्य शोभा यात्रा में भाग लिया और जयसिंहपुर चौगान में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकासात्मक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के आठ चिल्ड्रन ऑफ दी स्टेट बच्चे विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

श्रेष्ठ भारत

शिक्षा मंत्रालय ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत युवा संगम के पांचवें चरण के लिए पंजीकरण पोर्टल शुरू किया है। युवा संगम विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवाओं का लोगों से संबंध मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है। 18 से 30 वर्ष की आयु के युवा युवा संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराकर इसमें शामिल हो सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 21 अक्तूबर है। पांच से सात दिनों के युवा संगम दौरों के दौरान समूहों को पांच व्यापक क्षेत्रों–पर्यटन, परंपरा, प्रगति, परस्पर संपर्क और प्रौद्योगिकी के अंतर्गत बहुआयामी अनुभव प्रदान किया जाएगा।

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–केंद्र ने हिमाचल को जारी किए एक हजार 4 सौ 79 करोड़ प्रदेश को फेस्टिव सीजन में मिली केंद्रीय करों में हिस्से की अग्रिम राशि। दैनिक जागरण का शीर्षक है–केंद्रीय करों व डयूटी से हिमाचल सरकार को मिले एक हजार 4 सौ 79 करोड़ रुपये। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–दीपावली से पहले डी.ए. की बंधी आस। दैनिक जागरण लिखता है–बदलेगा शेड्यूल, मानसून अवकाश पहली जुलाई से करने की तैयारी–स्कूलों के कलैंडर में बड़ा बदलाव करने जा रही प्रदेश सरकार। पंजाब केसरी का शार्षक है–राज्य में अब लोगों को ऑनलाइन उपलब्ध

होंगे विवाह, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–ऑनलाइन उपलबध होंगे विवाह, जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र। दैनिक सवेरा टाइम्स और पंजाब केसरी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर के हवाले से सुर्खी दी है–युवाओं के समुचित विकास में शारीरिक शिक्षा की भूमिका अहम।

अमर उजाला की एक अन्य ख़बर –कुल्लू, मंडी व रिकांगपिओं के लिए शुरू होगी हेली टैक्सी–दीवाली के बाद तीनों जगह के लिए मिलेगी सेवाएं, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने दी मंजूरी। हिमाचल दस्तक का कहना है–डिपुओं में जरूरत के हिसाब से मिलेगा सरसों तेल।

आपका फैसला लिखता है–पोस्ट मानसून सीजन में सामान्य से 90 फीसदी कम बरसे बादल।